कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल

कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
चयन भवन, पूसा कैम्पस, नई दिल्ली – 110 012

AGRICULTURAL SCIENTISTS RECRUITMENT BOARD

DEPARTMENT OF AGRICULTURAL RESEARCH & EDUCATION
Ministry of Agriculture & Farmers Welfare, Govt. of India
Chayan Bhavan, Pusa Campus, New Delhi - 110 012

डॉ. संजय कुमार एफ एन ए, एफ एन ए एस सी, एफ एन ए ए एस सी, एफ सी आई एस आई
अध्यक्ष

Dr. Sanjay Kumar FNA, FNASc, FNAASc, FCISI
Chairman

संख्या:- 1(14)/2024-राजभाषा
दिनांक:- 13/09/2024

संदेश

हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं

14 सितंबर, 1949 को देश की संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिन्दी भाषा को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। तभी से 14 सितंबर हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। संविधान लागू होने के साथ-साथ, 26 जनवरी, 1950 से संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार हिन्दी संघ की राजभाषा बनी।

हिन्दी को सही मायनों में कार्यालयों में राजभाषा के रूप में स्थापित करने के लिए यह आवश्यक है कि इसका प्रयोग केवल अनुवाद की भाषा के रूप में न हो, बल्कि इसे मूल रूप में अपनाया जाए। टिप्पणियों और पत्राचार को अधिकाधिक हिन्दी में लिखा जाना चाहिए और सरकार द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए।

राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए कार्यालयों में एक अनुकूल वातावरण बनाना अत्यावश्यक है। इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम यह है कि सभी अधिकारी स्वयं हिन्दी में काम करने में रुचि लें और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के समक्ष एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करें। आइए, हिन्दी दिवस के इस पावन अवसर पर हम सभी मिलकर राजभाषा हिन्दी को आगे बढ़ाने का संकल्प लें।

सभी को हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

(संजय कुमार)